तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

11 छुरा-राजिम सड़क निर्माण कार्य शुरू गुणवत्ता व...



12 पीएम जनमन के सड़क निर्माण में गुणवत्ता को ...



खबर संक्षेप

अखण्ड रामनाम संकीर्तन में बिनौरी में उमड़े श्रद्धालु



छुईहा बेलर। फिंगेश्वर ब्लाक के ग्राम बिनौरी में प्रतिवर्ष के अनुरूप इस वर्ष भी 4 से 7 अक्टूबर तक अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। भगवान श्रीराम के पावन नाम के संकीर्तन से संपूर्ण ग्राम भक्तिमय हो उठा। धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के गांवों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी नागरिक शामिल हुए और प्रभु श्रीराम के संकीर्तन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। उनकी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। आयोजन से जुड़े सीतल साहू ने कहा इस अवसर पर रामनाम की महिमा, भक्ति, सदाचार एवं आध्यात्मिक चेतना के महत्व को रेखांकित किया गया। आयोजन ने समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।समारोह के सफल आयोजन में समस्त ग्रामवासियों विशेष सहयोग रहा।

साइबर जागृति अभियान में गरियाबंद पुलिस को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

मुख्यमंत्री साय ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिले को किया पुरस्कृत



साइबर अपराधों के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने और ऑनलाइन ठगी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए 'साइबर जागृति अभियान' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर गरियाबंद जिले को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अभियान के तहत जिले में किए गए कार्यों के लिए गरियाबंद पुलिस को पुरस्कृत किया। इस उपलब्धि को जिले की पुलिस टीम और जागरूक नागरिकों की सहभागिता का परिणाम बताया गया है।

- साइबर अपराधों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में पुलिस ने की उल्लेखनीय पहल

गरियाबंद पुलिस ने साइबर जागृति अभियान के तहत जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। स्कूलों, महाविद्यालयों, हाट-बाजारों, पर्यटन स्थलों और ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों को साइबर अपराधों के तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, एटीएम धोखाधड़ी, सामाजिक माध्यमों पर होने वाले अपराधों तथा फर्जी फोन कॉल और संदिग्ध लिंक से सतर्क रहने की समझाइश दी गई।

ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई पर जोर- अभियान के अंतर्गत साइबर सेल गरियाबंद ने तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए साइबर ठगी के पीड़ितों की राशि को होल्ड कराने और आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने की दिशा में भी काम किया। पुलिस का उद्देश्य लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ साइबर अपराधों की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना रहा।

एसपी ने पुलिस टीम और नागरिकों को दिया श्रेय- पुलिस अधीक्षक गरियाबंद वेदव्रत सिरमौर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार जिले के प्रत्येक अधिकारी, जवान और जागरूक नागरिक की सहभागिता का परिणाम है। साइबर अपराध वर्तमान समय की बड़ी चुनौती है। मुख्यमंत्री द्वारा मिला यह सम्मान पुलिस की जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि गरियाबंद पुलिस आधुनिक तकनीक और जनजागरूकता के समन्वय से जिले को साइबर अपराधों से सुरक्षित बनाने के लिए आगे भी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

मुख्य निर्वाचन आयुक्त की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के लिए जंतर-मंतर जाने के दौरान रोके जाने और गिरफ्तारी किए जाने के विरोध में ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने काला दिवस मनाया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित मिरी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सोनवानी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

- ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर मनाया काला दिवस

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित पार्टी के सांसद लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के लिए जंतर-मंतर जा रहे थे। इस दौरान उन्हें रोका गया और गिरफ्तार किया गया। कांग्रेस ने इस कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए नेताओं के साथ दुर्व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया। इसी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काला दिवस मनाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने और जनहित के मुद्दों को उठाने का अधिकार सभी को है। राष्ट्रीय नेताओं को शांतिपूर्ण ⏭शेष पेज 10 पर

दिव्यांग मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'क्षितिज अपार संभावनाएं' योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों की सूची जारी की गई है। योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को उनकी कक्षा के अनुसार कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को 2 हजार रुपए और कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि एकमुश्त प्रदान की जाएगी। जारी सूची के अनुसार, गरियाबंद जिले में कक्षा 10वीं के पांच और कक्षा 12वीं के चार विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। सूची के संबंध में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए 16 अक्टूबर 2026 तक का समय दिया गया है। दावा आपत्ति कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, कलेक्टोरेट परिसर, कक्ष क्रमांक 11, गरियाबंद में कार्यालयीन दिवस के दौरान उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। कक्षा 10वीं के पांच विद्यार्थी की सूची में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों की सूची में सुप्रिया तिवारी ने 86.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, धुर्वागुड़ी की छात्रा हैं। दामिनी साहू ⏭शेष पेज 10 पर

- 16 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति का अवसर

छात्रा की पिटाई मामले में जांच समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम भेंडरी स्थित प्राथमिक शाला में गणित का सवाल हल नहीं कर पाने पर आठ वर्षीय छात्रा को थप्पड़ मारने के मामले में शिक्षा विभाग ने जांच शुरू कर दी है। हरिभूमि में 9 अक्टूबर को खबर प्रकाशित होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। समिति को निष्पक्ष जांच कर तीन दिनों के भीतर पूर्ण अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इधर, मामले में शिक्षक द्वारा अपनी गलती स्वीकार कर माफी मांगने के बावजूद अब उनके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की मांग उठ रही है। जांच समिति में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजिम के प्राचार्य अजीत सिंह जाट, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धूमा की प्राचार्य वर्षा नेताम तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेलटुकरी के ⏭शेष पेज 10 पर

हरिभूमि लगातार



- तीन दिन में जांच कर देगी रिपोर्ट



खबर संक्षेप



दीपावली पर्व को लेकर स्कूलों में अवकाश बढ़ाने की मांग

राजिम। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम से मुलाकात कर दीपावली अवकाश 6 नवम्बर से 12 नवंबर तक स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी करवाने का आग्रह किया है। मिश्रा ने बताया कि इस बार दीपावली पर्व छह दिनों तक मनाया जाएगा। पर्व की शुरूआत 6 नवंबर को धनतेरस से होगी, जबकि अंतिम दिन भाईदूज 11 नवंबर को मनाया जाएगा। इसके बावजूद स्कूलों में दीपावली का अवकाश केवल 10 नवंबर तक ही निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि दीपावली से जुड़े सभी प्रमुख पर्वों को ध्यान में रखते हुए अवकाश की अवधि में बढ़ोतरी की जानी चाहिए, ताकि विद्यार्थी, शिक्षक और उनके परिवारजन इस पावन पर्व को पूरी सुविधा व उल्लास के साथ मना सकें। इस अवसर पर शिक्षक संघ की रायपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील नायक, धरसीवां ब्लॉक के संगठन मंत्री अवध वर्मा, नेमुराम साहू उपस्थित थे।

दिव्यांग अनिल यादव को मिली मोटराइज्ड ट्राइसिकल



गरियाबंद। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे दिव्यांग अनिल यादव को शुक्रवार को मोटराइज्ड ट्राइसिकल सौंपी गई। बीते गुरुवार की शाम आंदोलन समाप्त होने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने परिषद की टीम और वार्डवासियों की मौजूदगी में अनिल यादव को शुक्रवार को उनकी मांग पर मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्रदान की गई। ट्राइसिकल पाकर अनिल के चेहरे पर खुशी साफ झलक उठी। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष रिखीराम यादव ने अनिल यादव को मोटराइज्ड ट्राइसिकल सौंपते हुए तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, पार्षद रेणुका साहू, बिंदु सिन्हा, संदीप सरकार, सूरज सिन्हा, एल्डरमैन रितेश यादव, योगेंद्र सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वार्डवासी उपस्थित रहे।

संयुक्त खाते के मामले में केवल लम्बदार का एग्री स्टेक पंजीयन होगा अनिवार्य

नवापारा-राजिम। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान उपार्जन के लिए किसान पंजीयन को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण



विभाग द्वारा महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया गया है शासन के 5 अक्टूबर को जारी निर्देशों के अनुसार संयुक्त खाते में धान विक्रय के लिए केवल लम्बदार का एग्री स्टेक पंजीयन आवश्यक होगा जबकि सह खातेदारों को पृथक से एग्री स्टेक पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इस निर्णय पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू ने छत्तीसगढ़ शासन एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की व्यवहारिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया निर्णय स्वागत योग्य और सराहनीय है संयुक्त खातों में कई सहखातेदार होने के कारण प्रत्येक व्यक्ति का अलग-अलग एग्रीस्टेक पंजीयन कराने की प्रक्रिया से किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ सकता था। शासन के स्पष्टीकरण से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और धान विक्रय की प्रक्रिया भी सरल होगी।

भाजपा मोर्चा की 1800 किमी की बाइक यात्रा वडनगर से वाराणसी में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

पीएम मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन को समर्पित रही जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक गुजरात के वडनगर से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत राजिम विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर एवं जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू के मार्गदर्शन में की गई। 1800 किमी की बाइक यात्रा का उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और जनकल्याण के भाव को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करना रहा।



7 अक्टूबर को हुआ यात्रा का समापन

भाजपा नेताओं के अनुसार, 7 अक्टूबर को गुजरात के वडनगर और उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक साथ यात्रा का समापन हुआ। वाराणसी में आयोजित समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के संकल्प को रेखांकित करते हैं। जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा के माध्यम से इसी विचारधारा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने तथा लोगों को जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया।

गरियाबंद जिला भाजपा मोर्चा अध्यक्ष दीपक साहू, फिंगेश्वर मंडल मोर्चा अध्यक्ष रवि साहू परसदाकला, ओमकार साहू एवं वेदव्यास साहू ने यात्रा के मार्ग और उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि यह बाइक यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मस्थली गुजरात के वडनगर से प्रारंभ होकर उनकी कर्मभूमि एवं संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के वाराणसी में संपन्न हुई।

कलश यात्रा के माध्यम से जल संगम का संदेश- भाजपा नेताओं ने बताया कि यात्रा के दौरान जल संगम एवं कलश यात्रा को विशेष महत्व दिया गया। इसके तहत गुजरात के वडनगर स्थित शर्मिष्ठा झील के जल तथा वाराणसी के पवित्र गंगाजल को कलशों में लेकर दोनों शहरों में धार्मिक आस्था के साथ पहुंचाया गया। इस अवसर पर वडनगर के हटकेश्वर महादेव मंदिर और वाराणसी स्थित बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक के माध्यम से धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और राष्ट्रीय एकात्मता का संदेश दिया गया।

जनदर्शन : 15 से 20 गांवों के नागरिक पहुंचे जनदर्शन में

पेयजल, बिजली और सड़क समस्याओं को लेकर विधायक के पास पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

विधायक कार्यालय में शुक्रवार को जनदर्शन में आसपास के करीब 15 से 20 गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। किसी ने पानी की समस्या बताई, तो किसी ने बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग रखी। कहीं सड़क निर्माण की जरूरत सामने आई, तो कहीं सफाई और अन्य विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों ने अपनी बात रखी।

विधायक कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों की मांगों में गांवों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। पेयजल की उपलब्धता, बिजली संबंधी परेशानियां, आवागमन के लिए बेहतर सड़कें, गांवों में साफ-सफाई तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की जरूरत को लेकर लोगों ने अपनी समस्याएं रखी विधायक रोहित साहू ने ग्रामीणों की शिकायतों और मांगों को सुनने के बाद जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई की गुंजाइश थी और जो नियमानुसार निराकरण योग्य थे, उनके संबंध में संबंधित अधिकारियों को फोन किया। वहीं, जिन कार्यों को विभागीय प्रक्रिया, स्वीकृति अथवा अन्य औपचारिकताओं के बाद पूरा किया जाना है, उनके लिए भी आवश्यक पहल करने की बात कही। विधायक ने समस्याओं को अलग-अलग समझते हुए उनके निराकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने पर जोर दिया।



कार्रवाई और परिणाम का इंतजार

जनप्रतिनिधि के कार्यालय तक पहुंचकर अपनी समस्याएं बताना ग्रामीणों के लिए पहला कदम है, लेकिन उनकी असली अपेक्षा समस्याओं के स्थायी समाधान की है। ग्रामीण चाहते हैं कि पेयजल, बिजली, सड़क, सफाई और निर्माण कार्यों से जुड़ी मांगें केवल आवेदन और आश्वासन तक सीमित न रहें, बल्कि जमीन पर उनका असर दिखाई दे। शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी ने गांवों में बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी जरूरतों को सामने रखा। संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है कि वे शिकायतों की जांच करें, पात्र मांगों पर नियमानुसार निर्णय लें और जरूरी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें, ताकि ग्रामीणों को बार-बार अपनी समस्याएं लेकर कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। बताया कि आज के जनदर्शन में राजिम, छुरा, गरियाबंद, फिंगेश्वर, कोपरा के अलावा पांडुका, रजनकटा, अतरमरा, लोहरसी ,किरवई, बकली, बासीन, कुम्ही, कोमा के लोग पहुंचे थे।

बढ़े बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस चलाएगी जन-जागरण अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा के तत्वावधान में विगत दिनों स्थानीय विश्राम गृह में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में छुरा ब्लॉक के प्रभारी सुनील तिवारी प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस दौरान स्मार्ट मीटर के विरोध में आम नागरिकों से आवेदन भरवाने तथा इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने अपने उद्बोधन में भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने के लिए स्मार्ट मीटर थोप दिया है।

उनका आरोप था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिल दोगुने-तिगुने तक आने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे आम लोगों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ब्लॉक प्रभारी सुनील तिवारी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों को स्मार्ट मीटर के विरोध में आवेदन भरने के लिए जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि जनहित के इस मुद्दे पर एकजुट होकर आवाज उठानी है, ताकि सरकार पर अपना निर्णय वापस लेने का दबाव बनाया जा सके। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हरीश यादव ने किया। अंत में ब्लॉक अध्यक्ष महेश्वरी शाह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' छुरा कॉलेज के विद्यार्थियों ने बनाई आकर्षक रंगोलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय, छुरा में "सेवा के रंग, राष्ट्र के संग" कार्यक्रम के अंतर्गत 07 अक्टूबर 2026 को विकसित भारत 2047 की संकल्पना पर आधारित रंगोली निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता, जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवा भावना तथा विकसित भारत के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना रहा।

रंगोली निर्माण में महाविद्यालय के 22 अभ्यर्थियों/प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों द्वारा लगभग 21 किलोग्राम रंगोली सामग्री का उपयोग करते हुए आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोली तैयार की गई।

रंगोली की विषयवस्तु में विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को केंद्र में रखते हुए भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं का रचनात्मक चित्रण किया गया। रंगोली के माध्यम से शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन, जनकल्याण, डिजिटल विकास, स्वच्छता, सामाजिक समावेशन तथा राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रदर्शित किया गया। साथ ही फूलों एवं हरी पत्तियों जैसे प्राकृतिक



सेवा के रंग, राष्ट्र के संग

संसाधनों का प्रयोग कर रंगोली को आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल स्वरूप प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य चंद्रहास पटेल, डॉ. विनीत कुमार साहू, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, ढालूराम साहू, डॉ. छत्रपाल सिंह सिकरवार, रंगोली प्रतियोगिता प्रभारी रागिनी ठाकुर सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति एवं सहभागिता रही।

रंगोली निर्माण के माध्यम से विद्यार्थियों को सेवा, संकल्प, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका को समझने का अवसर मिला।

संयुक्त खाताधारक किसानों को बड़ी राहत, अब सिर्फ लम्बरदार का होगा एग्रीस्टैक पंजीयन

रसेला। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान उपार्जन के लिए किसान पंजीयन को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है। शासन द्वारा 5 अक्टूबर 2026 को जारी निर्देश के अनुसार संयुक्त खाते में धान विक्रय के लिए अब केवल लम्बरदार का एग्रीस्टैक पंजीयन आवश्यक होगा। वहीं सह-खातेदारों को अलग से एग्रीस्टैक पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। अंचल के किसानों शासन के इस निर्णय से संयुक्त खाताधारक किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। कई सह-खातेदारों वाले संयुक्त खातों में प्रत्येक व्यक्ति का अलग-अलग एग्रीस्टैक पंजीयन कराने की प्रक्रिया से किसानों को अनावश्यक परेशानी और भागदौड़ करनी पड़ सकती थी।



शासन के इस स्पष्टीकरण के बाद अब किसानों के लिए धान विक्रय की प्रक्रिया सरल और सुगम होगी। प्रदेश सरकार ने किसानों की व्यावहारिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। संयुक्त खातों में कई सह-खातेदार होने के कारण प्रत्येक व्यक्ति का अलग-अलग एग्रीस्टैक पंजीयन कराने से किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ सकता था। शासन के इस स्पष्टीकरण से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और धान विक्रय की प्रक्रिया भी आसान होगी। विशेष रूप से संयुक्त खाताधारक किसानों को पंजीयन संबंधी अनावश्यक भागदौड़ से मुक्ति मिलेगी। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य और सराहनीय है।

भृत्य कल्याण संघ की बैठक में श्रम दर व कलेक्टर दर की मांग पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ जिला गरियाबंद की बैठक गुरुवार को प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार आयोजित की गई। बैठक में जिले के पांचों ब्लॉक से ग्राम पंचायतों में कार्यरत भृत्य साथी शामिल हुए। इस दौरान संघ की विभिन्न मांगों एवं कर्मचारियों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में विशेष रूप से श्रम दर एवं कलेक्टर दर लागू किए जाने की मांग को लेकर विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि ग्राम पंचायतों में भृत्य साथी विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पंचायत स्तर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में उनकी मांगों और समस्याओं पर शासन-प्रशासन द्वारा गंभीरता से विचार किया जाना आवश्यक है।

बैठक में प्रदेश संगठन के निर्देशों के अनुरूप आगामी रणनीति एवं मांगों को लेकर भी चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने और सभी भृत्य साथियों को एकजुट होकर अपने अधिकारों एवं मांगों के लिए प्रयास करने की बात कही।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष झंडु राम साहू, सचिव तुकेश, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार टंडन, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीनारायण कश्यप सहित सदस्य बेदन नारायण, रघुनाथ, लच्छू राम, गुलाब सिन्हा, चुम्मन, प्रमोद निषाद एवं आनंद सहित पांचों ब्लॉक के भृत्य साथी उपस्थित रहे।

बिजली स्कूल में ईएलसी के माध्यम से विशेष कैंप का आयोजन

विद्यार्थियों को मतदान, मतदाता के अधिकार एवं कर्तव्य की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में निर्वाचन साक्षरता क्लब याने ईएलसी के माध्यम से विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक सोच, मतदान के प्रति जागरूकता एवं निर्वाचन प्रक्रिया की समझ विकसित करने के उद्देश्य से विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में विद्यार्थियों को मतदान के महत्व,मतदाता के अधिकार एवं कर्तव्य तथा निष्पक्ष एवं जागरुक मतदान के संबंध जानकारी दी गई।

> ■ विद्यालय छात्र- छात्राओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने का भी महत्वपूर्ण स्थान : मिश्रा

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा छूटे हुए और पहली बार युवा मतदाताओं के पंजीकरण विशेष अभियान चलाने हेतु



निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रामायण मिश्रा ने निर्वाचन साक्षरता क्लब के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय केवल विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान देने का केंद्र नहीं,बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने का भी महत्वपूर्ण स्थान है।ई.एल.सी के माध्यम से विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक सोच,मतदान के प्रति जागरूकता,नागरिक कर्तव्य की भावना होती है। व्याख्याता पूरन लाल साहू ने ई.एल.सी के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित कर मतदान कैसे होता है,मतदाता सूची क्या है एवं मतदान केंद्र की भूमिका के बारे में जानकारी देते हुए प्रत्येक मत देश के भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लोकतंत्र की सफलता जागरूक और जिम्मेदार नागरिकों पर निर्भर करती है। ई.एल.सी युवाओं को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी देने और उन्हें भविष्य के जिम्मेदार मतदाता के रूप में तैयार करने का महत्वपूर्ण मंच है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पूरन लाल साहू, विनय कुमार साहू,नरेंद्र कुमार वर्मा,योगेश कुमार सोनकर,गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा,शिक्षक नकुल राम साहू,क्लर्क दुष्यंत साहू,तोमन राम साहू,अविनाश साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

पेज 9 के शेष...

मुख्य निर्वाचन...

तरीके से अपनी बात रखने से रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने इस घटना के विरोध में नारेबाजी करते हुए निर्वाचन आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। इनकी रही मौजूदगी- इस दौरान केशु सिन्हा, अमृत पटेल, अवधराम यादव, कुश पांडेय, मनीष ध्रुव, कादर हिंगोरा, अजगर खान, प्रदीप यादव, अक्तूराम यादव, नरेंद्र सिन्हा, रमेश सिन्हा, लक्ष्मण चक्रधारी, सूरज यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दिव्यांग मेधावी...

ने 82.66 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वे शासकीय हाई स्कूल, घटकर्रा की छात्रा हैं। खुशी नागेश ने 72.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, मैनपुर की छात्रा हैं। विजय कुमार हंसराज ने 66.33 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं और वे हाई स्कूल, डुमरबहाल के विद्यार्थी हैं। वहीं देवेंद्र साहू ने 52.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वे हायर सेकेंडरी स्कूल, सींगापाली के विद्यार्थी हैं।

कक्षा 12वीं के चार विद्यार्थी चयनित - कक्षा 12वीं की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची में गीता टेकाम ने 64.06 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पिपरछेड़ी की छात्रा हैं। खिलेश कुमार मरकाम ने 62.02 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वे हायर सेकेंडरी स्कूल, धौराकोट के विद्यार्थी हैं। इसी तरह दुशीला बिसी ने 53.02 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वे हायर सेकेंडरी कन्या स्कूल देवभोग की छात्रा हैं। वहीं नेहरू लाल ने 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोसमी के विद्यार्थी हैं।

छात्रा की पिटाई...

प्राचार्य एम.एल. कंवर को शामिल किया गया है। **क्या था मामला-** फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम भेंडरी स्थित प्राथमिक शाला का मामला है। आरोप है कि आठ वर्षीय छात्रा साधना गणित के सवाल का जवाब नहीं दे पाई तो वहां पदस्थ शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी ने गुस्से में उसके गाल और कान के पास थप्पड़ मार दिए। घटना के बाद बच्ची के चेहरे पर चोट के निशान दिखाई देने की बात सामने आई थी। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद से बच्ची डरी-सहमी है और उसके खानपान तथा नींद पर भी असर पड़ा है। मामले को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी।

खबर संक्षेप



पितृ मोक्ष अमावस्या आज पर विशेष तर्पण

रसेला। पितृपक्ष में सर्वपितृ अमावस्या का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन उन पूर्वजों का श्राद्ध किया जाता है,जिनकी मृत्यु की तिथि पता नहीं होती या किसी कारण से तय तिथि पर उनका श्राद्ध नहीं हो पाता। इस इस वर्ष पितृ विसर्जन अमावस्या 10 अक्टूबर शनिवार को है। महाराज गोलू शर्मा ने कहा कि पितृ विसर्जन अमावस्या केवल श्रद्धा पक्ष की समाप्ति का दिन नहीं, बल्कि अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और पारिवारिक संस्कारों को स्मरण करने का अवसर भी है।
इस दिन विधिपूर्वक श्राद्ध एवं तर्पण करने के साथ पितरों से परिवार की सुख शांति और समृद्धि के लिए आशीर्वाद की प्रार्थना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पितरों के प्रति श्रद्धा केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके संस्कारों, आदर्शों और जीवन मूल्यों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। यह वह पवित्र पखवाड़ा है जब हम अपने पूर्वजों यानी पितरों को श्रद्धांजलि देते हैं,उनका तर्पण करते है और श्रद्धा कर्म के माध्यम से उनकी आत्मा की शांति की कामना करते हैं।

रुपसिंह के जन्मदिन पर युवाओं ने किया 60 यूनिट रक्तदान

छुईहा-बेलर। सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा युवा नेता रूपसिंग साहू के जन्मदिन पर मित्रमंडली द्वारा 8 अक्टूबर को मांडव्य ऋषि आश्रम बावाकुपी मड़वाडीही में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 60 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्मलीन महाराजा सिया भुनेश्वर शरण व्यास के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ किया गया। शिविर में फिंगेश्वर, सेंदर, बिजली, चरभट्ठी, गरियाबंद, राजिम, रायपुर, महासमुंद, छुरा, रानीपरतेवा , छुईहा सहित आसपास के क्षेत्रों से सर्व समाज के युवा एवं युवतियां बड़ी संख्या में पहुंचे।



सीएचसी सरायपाली को शासकीय वाहन उपलब्ध

महासमुंद। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं मैदानी गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह कुशवाहा के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सरायपाली को शासकीय वाहन क्रमांक सीजी 02 एयू 2592 उपलब्ध कराया गया है। विभागीय समीक्षा के दौरान संस्थान की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया।
वाहन उपलब्ध होने से अधिकारियों को दूरस्थ क्षेत्रों में भ्रमण, स्वास्थ्य संस्थानों के निरीक्षण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की निगरानी तथा मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करने में सुविधा होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह कुशवाहा ने कहा, स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाए।

आराध्य देवी माँ शीतला मंदिर छुरा में क्वाँर नवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

जय माँ शीतला के जयघोष के साथ नगर छुरा स्थित आराध्य देवी माँ शीतला मैया के दरबार में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी क्वाँर नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर ज्योति कलश स्थापना का मंगलमय आयोजन किया गया है। जोत जंवारा प्रारंभ दिनांक 11 अक्टूबर 2026 रविवार,15 अक्टूबर पंचमी सिंगार पूजा गुरुवार , 19 अक्टूबर महाष्टमी हवन सोमवार, महानवमी श्री जंवारा विसर्जन मंगलवार को किया जाएगा नवरात्र पर्व को लेकर मंदिर परिसर में उत्साह और भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालु माता रानी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।
आकर्षक साज-सज्जा से जगमगा रहा माँ का दरबार- नवरात्र पर्व को देखते हुए माँ शीतला मंदिर में तैयारियाँ जोर-शोर से की जा रही हैं। मंदिर परिसर में रंग-रोगन का कार्य कराया जा रहा है तथा मंदिर को आकर्षक विद्युत लाइटों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया है। माँ शीतला मैया के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का परिचय इस वर्ष ज्योति कलश स्थापना में देखने को मिल रहा है। अब तक श्रद्धालुओं द्वारा 1338 तेल ज्योति कलश एवं 16 घी ज्योति कलश प्रज्वलित की रसीद कटी है । मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कर भक्त माता रानी से अपने परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

अब तक 1338 तेल ज्योति कलश एवं 16 घी ज्योति कलश



शीतला मंदिर में क्वांर नवरात्रि की तैयारियां अंतिम चरण में



रसेला। ग्राम के स्थानीय शीतला मंदिर में इस वर्ष भी क्वांर नवरात्र बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव से मनाया जाएगा। तैयारियां अंतिम चरण में हैं। समिति के अनुसार क्वांर नवरात्रि 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक मनायी जाएगी। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम 7 बजे आरती होगी। स्थानीय प्रसिद्ध शीतला मंदिर में शारदीय नवरात्र पर्व की तैयारियां अंतिम चरण में है। 11 अक्टूबर को दोपहर अभिजित मुहूर्त पर विधि विधान से घट स्थापना की जाएगी। मंदिर समिति द्वारा जानकारी दी गई कि मंदिर परिसर में साफ सफाई, रंग रोगन एवं सजावट का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। मंदिर को फूलों और झालरों से आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। नवरात्र के नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी।समिति के अनुसार अब तक 101 मनोकामना ज्योति कलशों का पंजीयन हो चुका है और श्रद्धालुओं का पंजीयन लगातार जारी है।

राहत : लंबे इंतजार के बाद मिली राहत से लोगों में उत्साह भी

छुरा-राजिम सड़क निर्माण कार्य शुरू गुणवत्ता व सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार छुरा-राजिम मार्ग पर सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। सड़क निर्माण शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है। बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण का कार्य दो चरणों में किया जा रहा है। एक चरण राजिम की ओर से तथा दूसरा चरण छुहिया से छुरा की ओर से प्रारंभ किया गया है। छुरा क्षेत्र में शिव चौक से तुमगांव तथा लोहझर किनारे तक सड़क के सोल्डर निर्माण सहित अन्य कार्य चल रहे हैं। वहीं, मार्ग में आने वाली पुलियाओं के निर्माण का कार्य भी तेजी से शुरू किया गया है। ग्रामीण अच्छा निर्माण कराने और लंबे समय तक लाभ लेने सजगता से कार्य पर नजर रख रहें हैं और सवाल उठा रहे हैं।

- अच्छा निर्माण कराने और लंबे समय तक लाभ लेने ग्रामीण सजग

निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही सड़क निर्माण की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। विशेष रूप से पुलिया के आसपास बनाए जा रहे एप्रोच मार्ग की स्थिति वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। एप्रोच मार्ग पर सड़क काफी ऊबड़-खाबड़ और कच्ची होने के कारण भारी गाड़ियों, ट्रकों और बसों के फंसने की स्थिति बन रही है। दोपहिया वाहन चालक भी फिसलकर गिर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया निर्माण के समय एप्रोच मार्ग ऐसा बनना चाहिए जिससे यातायात सुचारु रूप से चलता रहे। लेकिन वर्तमान में नमी और पर्याप्त मजबूती न होने से भारी वाहन धंस रहे हैं, जिससे आए दिन जाम और दुर्घटना का खतरा बना रहता है।
तकनीकी मापदंडों और गुणवत्ता पर उठे सवाल- ग्रामीणों के अनुसार पुलिया निर्माण के बाद आसपास मुरूम डालकर रोलर चलाने का कार्य तो किया जा रहा है, लेकिन कई स्थानों पर सड़क की आवश्यक खुदाई और बेस तैयार करने की प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि सड़क को लंबे समय तक टिकाऊ बनाना है तो निर्माण के दौरान निर्धारित तकनीकी मापदंडों का पालन और मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाना बेहद आवश्यक है।
15 दिन बीते, पर अब तक नहीं लगा सूचना बोर्ड- स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य शुरू हुए लगभग 15 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक स्थल पर कहीं भी सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। नियमानुसार बोर्ड पर सड़क निर्माण की लागत, निर्माण एजेंसी, ठेकेदार, कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण होने की तिथि तथा संबंधित विभाग के निगरानी अधिकारी की जानकारी दर्ज होनी चाहिए। बोर्ड न होने से ग्रामीणों को यह पता ही नहीं चल पा रहा है कि कार्य किस योजना के तहत और किस गुणवत्ता का स्वीकृत हुआ है।





जिम्मेदारों की खामोशी से गहराया संदेह

सड़क निर्माण में आ रही समस्याओं और सूचना बोर्ड न होने को लेकर जब संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो दोनों ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। क्षेत्रवासियों का स्पष्ट कहना है कि वे इस बहुप्रतीक्षित सड़क का विरोध नहीं कर रहे, बल्कि केवल गुणवत्तापूर्ण और व्यवस्थित निर्माण चाहते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी तुरंत मौके का निरीक्षण करें, एप्रोच मार्ग की तकनीकी खामियों को दूर कराएं और निर्माण कार्य को पूरी पारदर्शिता के साथ समय पर पूरा कराएं।

मालकांगनी वनोपज से अटा बाजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले अधिकांश ग्रामीण वनोपज पर ही आश्रित रहते हैं। क्षेत्र के घने जंगलो से बारोह माह अनेक प्रकार के वनोपज प्राप्त होता है। इन दिनों क्षेत्र के जंगलों से मालकांगनी वनोपज जिसे स्थानीय बोलचाल के भाषा में फेन कहा जाता है, जंगलों से तोड़ाई कर ग्रामीण मैनपुर तक लाकर बेचकर अपना जीवीका उपार्जन कर रहे हैं। क्षेत्र के जंगलों में मालकांगनी फेन की बाहर छाई हुई है और यह प्राकृतिक रूप से जंगल में उत्पन्न होने वाला वनोपज है, जिसे ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले रहनवासी जंगल पहुचकर आसानी से तोड़कर लाते हैं। आजकल इससे बाजार पटा पड़ा है और यह दवा बनाने के माम आती है। मिली जानकारी के अनुसार छिलका वाला मालकांगनी फेन 30 रुपए किलो है। इसके बीज को निकालकर इसे 300 रुपए किलो तक बिक्री किया जाता है। मालकांगनी उपर चढ़ने वाली लता है, इसके पत्ते अण्डाकार नुकीले पुष्प नीलापन लिए पीले , फल मटर के समान गोल और पीले होते हैं। फल के तीन खंडों में एक–एक बीज होता है।

जन्मदिन पर किशोर ने आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

छग भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंत्री और युवा नेता किशोर देवांगन ने 8 अक्टूबर को अपने जन्मदिवस के अवसर पर नवापारा नगर के नेहरू घाट स्थित सामुदायिक भवन परिसर में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक,राष्ट्रीय भाजपा के /"सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत निःशुल्क महास्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
शिविर में आए लगभग 300 मरीजों की निःशुल्क जांच, उन्हें निःशुल्क विशेषज्ञ परामर्श, निःशुल्क दवाई वितरण के साथ ही चिन्हित मरीजों का निःशुल्क उपचार भी किया गया। इसके अलावा रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने मानव कल्याण के लिए रक्तदान किया। निःशुल्क महास्वास्थ्य शिविर आयोजन के बारें में किशोर ने बताया कि पिछले दिनों त्रिवेणी संगम में भारी बाढ़ आने के चलते नगर के कई इलाके जलमग्न हो गए थे। इससे संबंधित इलाके के काफी लोग बीमार पड़ गए थे और उन्हें उपचार व चिकित्सकीय परामर्श की भी आवश्यकता थी। वहीं नगर स्थित वृद्ध आश्रम में मौजूद वृद्धों को भी फल-मिठाई वितरण व शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर को मजबूत करने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर-राजिम की पांचवीं मासिक बैठक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल, फिंगेश्वर ब्लॉक प्रभारी रमेश शर्मा एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं सेक्टर अध्यक्ष उपस्थित रहे।
इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। इसलिए आगामी 2028 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अभी से बूथ संगठन को मजबूत करने की दिशा में ठोस रूप से काम करना होगा। प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय, नियमित बैठक और जनता से सीधा संवाद संगठन की प्राथमिकता होगी।

- ब्लाक कांग्रेस कमेटी की पांचवीं बैठक सम्पन्न

रूपेश ने कहा कि आने वाला समय संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने का है। बूथ जीते बिना कोई भी राजनीतिक लड़ाई मजबूत तरीके से नहीं लड़ी जा सकती, इसलिए हर कार्यकर्ता अपने बूथ को अपनी जिम्मेदारी मानकर काम करे। उन्होंने पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा स्थानीय जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया।
उक्त अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू, फिंगेश्वर ब्लॉक प्रभारी रमेश शर्मा, जिला महामंत्री, चेतन सिन्हा, टिकेश साहू, कुलेश्वर साहू, डोंगर सिंह मरकाम, तेजेश यदू गैंद राम यादव, महिला ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता सिंन्हा, योगेश्वरी साहू, हिमेश्वरी साहू भुवनेश्वरी साहू, कमल भारती, डॉ राजेंद्र साहू, शेखर साहू, रामू राम तारक, वासुदेव यादव, रेवा ओगरे, शेषनारायण गुप्ता, डोमन तारक, कमलेश साहू, ईश्वरी साहू, खेमराज सिंन्हा, कमल भारती, चंपू मारकंडे, मनोहर साहू, मंथीर साहू, वासु साहू, खिलेश साहू, दुर्गा प्रसाद सिन्हा सहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तर्रा में उत्साह के साथ हुआ नवीन शाखा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा

25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चल रहे विशेष अभियान के तहत जिले भर में नवीन शाखाएं प्रारंभ की जा रही हैं। इसी कड़ी में खंड फिंगेश्वर, मंडल कोपरा के ग्राम तर्रा में नवीन शाखा का सफल आयोजन किया गया। इस शाखा के लिए ग्राम सुरसाबांधा की नियमित और अनुशासित शाखा प्रेरणा स्त्रोत बनी। सुरसाबांधा शाखा पिछले कई वर्षों से लगातार चल रही है, जहाँ प्रतिदिन शिशु, बाल, तरुण और पौढ़ वर्ग के स्वयंसेवक एकत्रित होकर शारीरिक, बौद्धिक और सेवा कार्यों का अभ्यास करते हैं।
इसी आदर्श को सामने रखते हुए तर्रा में भी नवीन शाखा शुरू करने का निर्णय लिया गया। शुक्रवार को तर्रा में संघ की शाखा लगा। जिसमें शिक्षक श्यामसुंदर साहू द्वारा स्फूर्ति योग, शरीर संचालन, पाद संचालन, समता, निःयुद्ध और मनोरंजक खेल कराया गया। शाखा में कुल 48 स्वयंसेवक उपस्थित रहे। जिसमें शिशु वर्ग से 10, बाल वर्ग से 17, तरुण वर्ग से 4 और पौढ़ वर्ग से 17 स्वयंसेवक शामिल हुए।
कार्यक्रम में जिला संघचालक प्रेमलाल साहू ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि संकल्प का वर्ष है। जब तक प्रत्येक गांव में शाखा नहीं लगेगी, तब तक राष्ट्र निर्माण का सपना अधूरा है। सुरसाबांधा जैसी शाखाएं इसका जीवंत उदाहरण हैं। मानिक साहू ने कहा कि प्रत्येक ग्रामों में शाखा प्रारंभ करना हमारा लक्ष्य है। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ संस्कार निर्माण भी शाखा का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर महेन्द्र साहू, कौशल साहू, गणेश साहू, चंद्रहास साहू, शेष नारायण,धर्मेंद्र साहू, पप्पू वर्मा, सतीश, योगेश्वर साहू, किशोर, लोकेश साहू, फनेंद्र साहू, संजू, दद्दू, तर्रा से डॉ मानिक साहू, सरपंच और अन्य गणमान्य नागरिक व वरिष्ठ स्वयंसेवक, ग्रामवासी उपस्थित रहे।



शरद पूर्णिमा महोत्सव की तैयारी तेज, कोर कमेटी की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नवापारा में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर ब्राह्मण समाज द्वारा 25 अक्टूबर को भव्य आयोजन किया जाएगा। विप्र कुल भवन में शाम को आयोजित होने वाले इस महापर्व में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा शामिल होंगी। ब्राह्मण समाज ने इस अवसर पर समाज के लोगों के साथ-साथ अन्य समाजों के प्रतिनिधियों और नागरिकों को भी आमंत्रित करने का निर्णय लिया है।

- ब्राह्मण समाज 25 अक्टूबर को विप्र कुल भवन में मनाएगा शरद पूर्णिमा महापर्व

कोर कमेटी की बैठक में बनी रणनीति- आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार सुबह 11 बजे पालिका के पूर्व सभापति रमेश तिवारी के कार्यालय में ब्राह्मण समाज की कोर कमेटी की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में शरद पूर्णिमा महापर्व की रूपरेखा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी, सामाजिक सहभागिता और आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



सामाजिक समरसता होगी आयोजन की पहचान- ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि शरद पूर्णिमा भारतीय परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे अवसर समाज को अपनी परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ नई पीढ़ी तक सांस्कृतिक मूल्यों को पहुंचाने का भी काम करते हैं। इसी उद्देश्य से इस बार आयोजन को विशेष स्वरूप देने की तैयारी है।
बैठक में ये थे मौजूद- बैठक में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा, महिला ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष रेखा तिवारी, नगर पालिका के पूर्व सभापति रमेश तिवारी, कैलाश शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा, अशोक तिवारी, शिव तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सौरभ शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, मनहरण शर्मा, अंकित शर्मा, अनंत पुराणिक, अजय तिवारी, गुड्डू मिश्रा सहित समाज के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।



पीएम जनमन के सड़क निर्माण में गुणवत्ता को लेकर सख्ती, सुधार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह ने गरियाबंद में सड़क-पुल निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई में महिलाओं के कार्यों की सराहना

विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम देवरी में प्रज्ञा स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निरीक्षण किया गया। भीम सिंह ने इकाई में प्लास्टिक कचरे के संग्रहण, प्रसंस्करण और प्रबंधन की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर इकाई के संचालन और कार्यप्रणाली के बारे में जाना। उन्होंने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका के अवसर बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को प्रोत्साहित करने की इस पहल की सराहना की। उन्होंने इकाई के संचालन को व्यवस्थित रखने तथा अभिलेखों का उचित संधारण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।



कमार जनजाति के लोगों से किया संवाद

निरीक्षण के दौरान सचिव भीम सिंह ने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले कमार जनजाति के लोगों से सीधे संवाद किया। ग्रामीणों ने सड़क, पुल और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी अपनी आवश्यकताओं एवं समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। श्री भीम सिंह ने कहा कि पीएम जनमन का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों की दूरस्थ बसाहटों को सड़क संपर्क सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

भेंड्री मार्ग की लंबाई 1.95 किलोमीटर है। इन तीनों सड़कों की कुल लंबाई 5.07 किलोमीटर है। सचिव भीम सिंह ने निर्माण कार्यों में उपयोग की जा रही सामग्री, सड़क की मोटाई, गुणवत्ता और कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा गुणवत्ता के मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

रक्सा-कमारपारा सड़क में मिली कमियां, नोटिस जारी करने के निर्देश - निरीक्षण के दौरान रक्सा से कमारपारा मार्ग के निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुधार की आवश्यकता पाई गई। इसके अलावा सड़क के दोनों किनारों पर बनाए जाने वाले शोल्डर की चौड़ाई भी निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं मिली। इस पर भीम सिंह ने संबंधित सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क की गुणवत्ता और दोनों किनारों की चौड़ाई में तत्काल सुधार करने को कहा। वहीं गुंडरदेही मुख्य मार्ग से कमारपारा - बामनदेही तथा खैरझिटी से कमारपारा वाया भेंड्री मार्ग के निर्माण कार्यों की स्थिति संतोषजनक पाई गई।

30 मीटर लंबे वृहद पुल का किया निरीक्षण - सड़क निरीक्षण के दौरान भेंड्री से खैरझिटी मार्ग पर आरडी 1350 मीटर पर निर्माणाधीन 30 मीटर लंबे वृहद पुल का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने पुल की नींव, संरचना और निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। संबंधित अधिकारियों को पुल निर्माण में तकनीकी मानकों का पालन करने तथा गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

पतोरा में 'प्लांट क्लिनिक एवं कृषि सूचना केंद्र' का शुभारंभ



फिंगेश्वर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र फिंगेश्वर गरियाबंद के बी.एससी. कृषि चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा 'ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव' रावे कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत पतोरा में 'प्लांट क्लिनिक एवं कृषि सूचना केंद्र' का भव्य और औपचारिक उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. लेखराम वर्मा एवं सह-समन्वयक डॉ. अविनाश कुमार गौतम के संयोजन में संपन्न हुआ। कृषि छात्रों द्वारा यह केंद्र आगामी तीन महीनों तक निरंतर संचालित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को कृषि संबंधी समस्याओं का त्वरित व वैज्ञानिक समाधान देना है। इसके जरिए फसलों में लगने वाले कीट-व्याधियों, फंगल व जीवाणुजन्य रोगों तथा खरपतवारों की सटीक पहचान कर रोकथाम के उपाय बताए जाएंगे। साथ ही किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और संतुलित उर्वरक उपयोग हेतु निःशुल्क परामर्श मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के. आर. वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरिशंकर सुमेर रहे। पतोरा के उपसरपंच, गणमान्य नागरिकों और महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. ओमेश ठाकुर, डॉ. सौरभ पद्मशाली, डॉ. कुंतल साटकर, डॉ. अजय कुमार तिवारी, आदर्श कुमार, लोकेश चंद्रवंशी, मिथिलेश साहू एवं ऋतिका सोनी ने अपनी उपस्थिति से छात्रों का उत्साह बढ़ाया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के. आर. वर्मा ने धान की फसल के कीट-नियंत्रण, पीएम-आशा योजना और फसल चक्र अपनाने पर जोर दिया। वहीं हरिशंकर सुमेर ने मिलेट्स प्रोत्साहन नीति के तहत रागी की उन्नत खेती, कम लागत में अधिक लाभ और सरकारी अनुदान योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम : सेवा संकल्प अभियान के तहत त्रिवेणी संगम पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

महानदी तट पर गंगा आरती से गूंजा राजिम, आरु साहू की छत्तीसगढ़ी लोक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नगर के पवित्र त्रिवेणी संगम स्थित महानदी तट पर शुक्रवार को भव्य महानदी गंगा आरती एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। नदी घाट

- सात पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराई महानदी गंगा आरती

स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश एक साथ देखने को मिला। आज शाम को महानदी तट पर सात पुरोहितों ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगा आरती की। वहीं छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध युवा लोक कलाकार आरु साहू ने अपनी सांस्कृतिक टीम के साथ मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। उनके भक्तिमय छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर उपस्थित लोग झूमने लगे और पूरा घाट भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, नगर पंचायत कोपरा के अध्यक्ष रूपनारायण साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, सभापति श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्वेता शर्मा, वरिष्ठ नागरिक अनिल चंद्राकर एवं आशीष शर्मा उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर रणबीर शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता एस.के. बर्मन, एसडीएम विशाल महाराणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।





विधायक रोहित सहित भारी संख्या में नागरिक रहे मौजूद



आरु के छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर झूमे दर्शक

गंगा आरती के बाद आयोजित सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ की युवा लोक कलाकार आरु साहू ने अपनी टीम के साथ आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उनके भक्तिमय छत्तीसगढ़ी लोकगीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोक संस्कृति और भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों के दौरान उपस्थित नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं, लोक संगीत और सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने का संदेश भी दिया गया।

वैदिक मंत्रोच्चार और दीपों की आभा से भक्तिमय हुआ महानदी तट - कार्यक्रम के लिए महानदी तट एवं घाट क्षेत्र की साफ-सफाई की गई। इसके बाद शाम को आयोजित गंगा आरती में सात पुरोहितों ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ आरती संपन्न कराई। वैदिक मंत्रोच्चार, धूप और आरती की भक्ति भावना से त्रिवेणी संगम का वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया। महानदी के तट पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने आरती में सहभागिता कर धार्मिक आस्था प्रकट की। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसके माध्यम से नदियों की स्वच्छता, जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी दिया गया।

स्वच्छ नदी, संरक्षित जल और समृद्ध लोक संस्कृति का संदेश - सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित महानदी गंगा आरती एवं सांस्कृतिक संध्या ने धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का संदेश दिया। नदी घाट की साफ-सफाई से शुरू हुई इस पहल में लोगों को जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने, प्लास्टिक एवं कचरे का उचित निस्तारण करने और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। संदेश दिया गया कि नदियों का संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। जनभागीदारी, स्वच्छता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण से ही महानदी जैसे प्राकृतिक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाए रखा जा सकता है।

मोंगरा स्कूल में शाला प्रबंधन समिति का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम मोंगरा स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षा व्यवस्था की लचर स्थिति और गिरते शैक्षणिक स्तर को लेकर ग्रामीणों तथा पालकों का गुस्सा फूट पड़ा है। विद्यालय में पिछले दो वर्षों से बनी शिक्षकों की कमी और बच्चों की पढ़ाई में आ रही गिरावट से चिंतित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों और पालकों ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों के बुनियादी शैक्षणिक ज्ञान की पोल खुलने पर पालकों ने भारी नाराजगी जताते हुए शिक्षा विभाग से तत्काल सुधार की मांग की है।

निरीक्षण संकुल प्रभारी एवं प्राचार्य पाल सिंह ध्रुव की मौजूदगी में एसएमसी अध्यक्ष लखन चक्रधारी, समिति सदस्यों और



पालकों द्वारा किया गया। इस दौरान कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर परखने के लिए उनसे सवाल-जवाब किए गए। कक्षा पहली से तीसरी तक के कई बच्चे अपनी ही शिक्षिका का नाम तक नहीं बता सके। वहीं कक्षा चौथी और पांचवीं के विद्यार्थियों से हिंदी पढ़वाई गई, तो वे मात्राओं की सही पहचान करने और पढ़ने में जूझते नजर आए। यही हाल पूर्व माध्यमिक शाला का भी रहा। कक्षा सातवीं और आठवीं के छात्रों से जब उनके पाठ्यक्रम और विषयों से जुड़े सामान्य सवाल पूछे गए, तो वे संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। पालकों का आरोप है कि प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं का विलय किए जाने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है। माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक छोटे बच्चों की कक्षाओं में अपेक्षित सहयोग नहीं दे रहे हैं, जिससे बच्चों की नींव कमजोर हो रही है।

शिक्षकों की पदस्थापना नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

एसएमसी अध्यक्ष लखन चक्रधारी एवं उपस्थित ग्रामीणों ने संकुल प्रभारी के समक्ष अपनी तीव्र आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि प्राथमिक शाला में तुरंत नियमित शिक्षकों की पदस्थापना की जाए। पठन-पाठन की नियमित निगरानी हो और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारी जाए। पालकों ने कहा कि शिक्षा विभाग ने इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया और जल्द ही पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

कार गड्ढे में घुसी, 15 पैकेट में 60 किलो गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

ओडिशा से रायपुर की ओर गांजा ले जा रही एक सीएनजी संचालित आर्टिका कार से करीब 60 किलो गांजा जिले की पुलिस ने बरामद किया है। वाहन की अनुमानित कीमत सहित जब्त सामग्री का कुल मूल्य करीब 40 लाख रुपए बताया जा रहा है। पुलिस की घेराबंदी के बीच तेज रफ्तार से भाग रही कार बिंद्रानवागढ़ चौकी क्षेत्र के मुर्धनी के पास अंधे मोड़ पर पानी से भरे गड्ढे में जा घुसी। इसके बाद वाहन में सवार आरोपी कार छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

बैरिकेड तोड़कर भागी कार, कई थाना क्षेत्रों से निकली- मामले की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के पंजीयन नंबर यूपी 24 बीटी 5466 वाली आर्टिका कार ओडिशा की ओर से देवभोग मार्ग होते हुए रायपुर की दिशा में जा रही थी। पुलिस को संदिग्ध वाहन की सूचना मिलने के बाद रास्ते में निगरानी और घेराबंदी की गई। बताया जा रहा है कि वाहन चालक ने पुलिस



पुलिस बेरिकेड्स तोड़कर भाग रही थी



द्वारा लगाए गए बैरिकेड को टक्कर मारते हुए आगे निकलने की कोशिश की। कार इंदागांव, जुगाड़ और मैनपुर थाना क्षेत्रों से होते हुए तेज रफ्तार में आगे बढ़ती रही। इस दौरान इंदागांव से झरियाबाहरा पुलिस जांच नाका तक संबंधित पुलिस टीमों के बीच सूचना साझा की जा रही थी। मैनपुर पुलिस और बिंद्रानवागढ़ चौकी की टीम भी वाहन का पीछा कर रही थी।

अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर गड्ढे में घुसी कार- पुलिस से बचकर भागने के दौरान कार बिंद्रानवागढ़ चौकी के पास मुर्धनी के अंधे मोड़ पर अनियंत्रित हो गई और पानी से भरे गड्ढे में जा घुसी। हादसे के बाद वाहन में सवार लोग कार छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन की तलाशी ली।

डिक्की में दो बोरियां में मिला गांजा- वाहन की तलाशी के दौरान डिक्की में रखी दो बोरियों से गांजा बरामद किया गया। इनमें कुल 15 पैकेट होने और गांजे का अनुमानित वजन करीब 60 किलोग्राम होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने गांजे और वाहन को जब्ती की कार्रवाई में शामिल किया है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, जब्त गांजे और वाहन सहित कुल कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई जा रही है।

बेलरबाहरा में शिक्षा और विस्थापन के मुद्दों पर हुई चर्चा

अमात गोंड़ समाज का नवाखाई ठाकुर जोहारनी मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

अखिल भारतीय अमात गोंड़ समाज भाठीगढ़ राज के तत्वावधान में अंतर्गत ग्राम बेलरबाहरा में नवाखाई ठाकुर जोहारनी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 13 सर्कल के 80 गांवों से मातृशक्ति, पितृशक्ति, युवाशक्ति एवं युवती शक्ति के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत आदिशक्ति बढ़ादेव की पूजा-अर्चना के साथ की गई। समारोह में समाज के सामाजिक एवं आर्थिक विकास, बच्चों की शिक्षा तथा समाज को संगठित रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। उपस्थित समाज प्रमुखों ने सभी लोगों से शिक्षित बनने, सामाजिक एकता बनाए रखने और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की



अपील की। कार्यक्रम में उदंती-सीतानदी क्षेत्र में प्रस्तावित विस्थापन एवं पुनर्वास को लेकर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह क्षेत्र संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है, जहां पेसा कानून लागू है। ऐसे में ग्रामसभा के अधिकारों और सहमति के महत्व को समझना आवश्यक है। वक्ताओं ने उदंती-सीतानदी क्षेत्र के लोगों के विस्थापन से संबंधित चर्चाओं पर चिंता जताते हुए समाज के लोगों से संगठित रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा विस्थापन एवं पुनर्वास से जुड़े मामलों में सामूहिक रूप से अपनी बात रखनी चाहिए।

समाज प्रमुख एवं सगाजन रहे उपस्थित- कार्यक्रम में सभापति कन्हैयालाल ठाकुर, उपसभापति प्रेमसाय जगत तथा अध्यक्षता कर रहे गुजरात सिंह कमलेश सहित 13 सर्कल के अध्यक्ष एवं समाज के अनेक प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा खेदुराम नेगी, टीकम कपिल, गौकरण ध्रुवा, भुनेश्वर नेगी, भरतसाय ध्रुवा, नरेश मांझी, केजुराम नागेश, छबीराम दीवान, भुखन सिंह नेताम, पवन सिंह ठाकुर, गुमान सिंह नेताम, पवन दीवान, सोहनलाल नागेश, प्रताप मरकाम, गोपीराम नेताम, सेवाराम नेताम, मकरम नेताम, बलीराम नागेश, धनसाय नागेश, धनीराम मरकाम, भागीराम मरकाम, सोनूराम ध्रुवा, लोकेश नागेश, शुभाष मरकाम, सोमारू राम नेताम एवं भानुराम मांझी सहित 13 सर्कल के सगा जन शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सुखराम नागेश, रामेश्वर कपिल एवं महेंद्र फरस ने किया। समारोह में सामाजिक एकता, शिक्षा, आर्थिक विकास और क्षेत्रीय अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

